B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**
HINDI (085) (SET – 2)

Class: VIII — Max. Marks: 80
Date : 02.09.2026 — Time: 3.00 Hour
Admission No: — Roll No:

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 15 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' | व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' | पाठ्यपुस्तक | 25 अङ्क |
| भाग 'घ' | लेखन | 25 अङ्क |

---

भाग – 'क' : अपठित गद्यांश (14 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

संयुक्त परिवार के बिखरने से परिवार नामक संस्था तथा घर के माननीय बुजुर्ग दोनों ही महत्वहीन हो गए हैं। महत्वाकांक्षाओं का लपलपाता लज्जाहीन समुद्र एक के अस्तित्व को लील गया और दूसरे के सम्मान को। अपने रोजगार की खोज, जीवन-स्तर को ऊँचा बनाने तथा भौतिक सुखों की चाह में परिवार के सदस्य टूटकर इधर-उधर बिखरने लगे। इस हड़बड़ाहट में किसी ने भी यह नहीं सोचा कि परिवार के बूढ़ों को भी उनका प्रेम, ध्यान तथा सानिध्य चाहिए। अधिकतर परिवारों में आजकल बूढ़ों की स्थिति मिट्टी की एक मूर्ति के समान हो गई है—खाना खाओ, दवाई खाओ और मुँह बंद करके चुपचाप एक ओर बैठे रहो। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे न कुछ बोलें और न ही कुछ पूछें। घर में किसी बाहरी व्यक्ति के आने पर उन्हें चुपचाप उठकर चले जाना होता है। घर में उनकी स्थिति तभी सम्मानजनक एवं अपेक्षित होती है, जब वे बेटा-बहू अथवा बेटी-दामाद की शर्तों पर रहने को तैयार हों। अन्यथा यदि पैसे हैं तो वृद्धाश्रम चले जाएँ, नहीं तो सड़कें तो हैं ही।

(1) परिवार संस्था के अस्तित्व को किसने लील लिया? (1 अंक)
(क) एक साथ रहने के लिए स्थान की कमी
(ख) शिक्षा की कमी
(ग) महत्वाकांक्षाओं का लपलपाता लज्जाहीन समुद्र
(घ) माननीय बुजुर्ग

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।(1 अंक)
कथन (A): वर्तमान समय में परिवार में बूढ़ों की स्थिति सम्माननीय हो गई है।
कारण (R): घर में आने वाले बाहरी व्यक्ति सबसे पहले बड़े-बूढ़ों से बातचीत करते हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन(A)की सही व्याख्या करता है।

(3) परिवार के बूढ़ों को क्या चाहिए? (1 अंक)

(क) परिवार के सदस्यों का प्रेम, ध्यान एवं सानिध्य
(ख) परिवार के सदस्यों से पैसा
(ग) केवल आवश्यकताओं की पूर्ति
(घ) पक्का घर

(4) घर में बुजुर्गों से क्या अपेक्षा की जाती है? (2 अंक)

(5) अधिकतर परिवारों में आज बुजुर्गों की स्थिति कैसी हो गई है? (2 अंक)

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

वास्तव में नीलकंठ मर गया था। 'क्यों' का उत्तर तो अब तक नहीं मिल सका है। न उसे कोई बीमारी हुई थी और न ही उसके रंग-बिरंगे फूलों के समान सुंदर शरीर पर किसी चोट का चिन्ह मिला। मैं उसे अपने शॉल में लपेटकर संगम ले गई। जब गंगा की बीच धारा में उसे प्रवाहित किया गया, तब उसके पंखों की चंद्रिकाओं से प्रतिबिंबित होकर गंगा का चौड़ा पाट एक विशाल मयूर के समान तरंगित हो उठा। उसके न रहने पर राधा तो निश्चेष्ट-सी कई दिनों तक एक कोने में बैठी रही। वह कई बार भागकर लौट आया था, अतः वह प्रतीक्षा के भाव से द्वार की ओर दृष्टि लगाए रहती थी। परंतु कुब्जा ने कोलाहल के साथ उसकी खोज आरम्भ कर दी। वह प्रायः आम, अशोक, कचनार आदि के वृक्षों की शाखाओं में नीलकंठ को ढूँढ़ती रहती थी। एक दिन वह आम के वृक्ष से उतरी ही थी कि कजली सामने पड़ गई। स्वभावानुसार उसने कजली पर भी चोंच से प्रहार किया। परिणामस्वरूप कजली के दो दाँत उसकी गर्दन में लग गए। इस बार उसका जीवन बचाया न जा सका। परंतु इन तीनों पक्षियों ने मुझे पक्षी-प्रकृति की विभिन्नता का जो परिचय दिया, वह मेरे लिए विशेष महत्त्व रखता है।

(1) किसकी मृत्यु हो गई थी? (1 अंक)

(क) राधा की
(ख) कजली की
(ग) नीलकंठ की
(घ) अशोक की

(2) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।(1 अंक)

कथन (A): कुब्जा प्रायः आम, अशोक और कचनार की शाखाओं में नीलकंठ को ढूँढ़ती रहती थी।
कारण (R): नीलकंठ प्रवास पर अपने झुंड के साथ अन्यत्र चला गया था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(3) नीलकंठ के न रहने पर कौन कई दिनों तक निश्चेष्ट-सी कोने में बैठी रही? (1 अंक)

(क) राधा
(ख) कुब्जा
(ग) कजली
(घ) लेखिका

(4) लेखिका किसे शॉल में लपेटकर संगम ले गई और क्यों? (2 अंक)

(5) नीलकंठ को कौन ढूँढ़ती रहती थी तथा कहाँ-कहाँ? (2 अंक)

## खंड – 'ख' : व्याकरण (16 अंक)

प्रश्न 3. संज्ञा एवं सर्वनाम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2 अंक)

1. मेरा <u>शहर</u> सुंदर है। रेखांकित संज्ञा का भेद लिखिए।
2. बाहर कुछ पड़ा है। वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम चुनकर उसका भेद लिखिए।

प्रश्न 4. विशेषण एवं क्रिया पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3 अंक)

1. विशेषण किसे कहते हैं?
2. 'अधिक' का उत्तरावस्था (तुलनात्मक अवस्था) लिखिए।
3. 'पढ़ना' का प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए।

प्रश्न 5. संधि, लिंग, वचन एवं कारक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (11 अंक)

1. नदी + ईश — संधि कीजिए।
2. सचिवालय — संधि-विच्छेद कीजिए।
3. महोदया का लिंग बदलकर लिखिए।
4. डिब्बा का लिंग बदलकर लिखिए।
5. लड़कियाँ खेल रही हैं। वाक्य का वचन बदलकर लिखिए।
6. दरवाज़ा का बहुवचन लिखिए।
7. बंदर पेड़ पर बैठा है। रेखांकित पद (पेड़ पर) का कारक तथा उसका भेद लिखिए।
8. माँ ने कविता के लिए खाना बनाया। वाक्य में प्रयुक्त कारक चुनकर उसका भेद लिखिए।
9. मोहन ने डंडे से भैंस को मारा। वाक्य में 'से' तथा 'को' कारकों का भेद लिखिए।
10. मानव <u>दृश्य</u> को देखकर प्रसन्न होता है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए)
11. <u>जननी</u> का मातृत्व बहुमूल्य है। (रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए)

## खंड – 'ग' : पाठ्यपुस्तक (25 अंक)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

इसी बीच विकी और दिव्या बच्चों के चेहरे देख रहे थे। इनमें से अधिकतर बच्चे 8 से 12 वर्ष की आयु के थे। वे डरे हुए लग रहे थे, हालाँकि कुछ उन्हें देखकर झेंपते हुए मुस्कुरा भी रहे थे। बच्चों को काम बंद करते देखकर मालिक उन पर ज़ोर से चिल्लाया—"अपना काम चालू रखो, समय बर्बाद मत करो।" बच्चे फिर कालीन काटने और बुनने के काम में लग गए। केवल एक पतला-दुबला, साँवला और लगभग दस वर्ष की आयु का बालक उन्हें लगातार देखे जा रहा था। दिव्या उसके पास गई।

"अज़ीज़?" उसने आशाभरी आवाज़ में पूछा।

बालक ने झिझकते हुए सिर हिलाया और आश्चर्य से उसे देखने लगा।

"तुम हमें नहीं जानते, तुम्हारे सपनों ने ही हमें यहाँ बुलाया है।"

बच्चों के मुख पर हल्की-सी मुस्कान तैर गई।

"तुम आ गए! सचमुच आ गए!" उसे अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था। तभी श्रीमती मेहरा भी उनके पास आ गईं।

(1) दिव्या और विकी क्या देख रहे थे? (1 अंक)

(क) बच्चों के चेहरे (ख) कालीन
(ग) माता-पिता को (घ) कुछ नहीं

(2) अधिकतर बच्चों की आयु कितनी थी? (1 अंक)

(क) 5 से 6 वर्ष (ख) 10 से 12 वर्ष
(ग) 8 से 12 वर्ष (घ) 14 से 16 वर्ष

(3) बच्चों को काम बंद करते देखकर उन पर कौन चिल्लाया? (1 अंक)

(क) दिव्या (ख) विकी

(ग) मालिक (घ) श्रीमती मेहरा

(4) अज़ीज़ की आयु लगभग कितनी थी? (1 अंक)

(क) 10 वर्ष (ख) 12 वर्ष

(ग) 13 वर्ष (घ) 8 वर्ष

(5) 'जादुई कालीन' पाठ के रचयिता कौन हैं? (1 अंक)

(क) तिथि तवोरा (ख) सुदर्शन

(ग) महादेवी वर्मा (घ) प्रेमचंद

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 20–25 शब्दों में लिखिए - (3 × 2 = 6 अंक)

1. स्त्रियों को सैनिक वेश में देखकर सम्राट अशोक ने क्या प्रतिज्ञा ली?
2. मेजर डगलस कौन थे? अंग्रेज़ ने डगलस के बारे में क्या किस्सा सुनाया?
3. अमीरचंद और फकीरचंद की विचारधारा में क्या अंतर था?
4. पद्मावती ने अपना परिचय देते हुए अशोक से क्या कहा?

प्रश्न 9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

वस्त्र बदलकर आने वालों,
चाल बदलकर जाने वालों।
चंद खिलौनों के खोने से
बचपन नहीं मरा करता है।
लाखों बार गागरियाँ फूटी,
शिकन न आई पर पनघट पर।
लाखों बार कश्तियाँ डूबीं,
चहल-पहल वैसी ही है तट पर।
तम की उम्र बढ़ाने वालों,
लौ की आयु घटाने वालों।
लाख करे पतझड़ कोशिश,
पर उपवन नहीं मरा करता है।

(1) "चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है" का क्या अर्थ है? (1 अंक)

(क) बचपन में खिलौनों का कोई महत्त्व नहीं होता।

(ख) थोड़े-से नुकसान से जीवन की खुशियाँ समाप्त नहीं होतीं।

(ग) बचपन हमेशा दुखी रहता है।

(घ) खिलौने कभी खोते नहीं हैं।

(2) "लाखों बार गागरियाँ फूटी, शिकन न आई पर पनघट पर" से क्या संदेश मिलता है? (1 अंक)

(क) पनघट पर कोई नहीं आता।

(ख) कठिनाइयों के बाद भी जीवन चलता रहता है।

(ग) गागरियाँ बहुत मज़बूत होती हैं।

(घ) पनघट हमेशा सूखा रहता है।

(3) कवि "तम की उम्र बढ़ाने वालों" कहकर किसकी ओर संकेत करता है? (1 अंक)

(क) अंधकार और निराशा फैलाने वालों की ओर।

(ख) दीपक बनाने वालों की ओर।

(ग) प्रकृति-प्रेमियों की ओर।

(घ) नाविकों की ओर।

(4) "लाख करे पतझड़ कोशिश, पर उपवन नहीं मरा करता है।" का आशय क्या है? (1 अंक)

(क) पतझड़ कभी नहीं आता।

(ख) बगीचा हमेशा हरा-भरा रहता है।

(ग) विपरीत परिस्थितियाँ जीवन की आशा और प्रगति को समाप्त नहीं कर सकतीं।

(घ) उपवन में केवल फूल ही होते हैं।

(5) प्रस्तुत पद्यांश का मुख्य संदेश क्या है? (1 अंक)

(क) जीवन में निराश होकर हार मान लेनी चाहिए।

(ख) कठिनाइयों के बावजूद आशा और साहस बनाए रखना चाहिए।

(ग) केवल बचपन का आनंद लेना चाहिए।

(घ) वस्त्र बदलने से जीवन बदल जाता है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 20–25 शब्दों में लिखिए - (3 × 2 = 6 अंक)

1. शांति-दूत बनने के लिए क्या करना होगा?
2. 'मानव का कल्याण' कविता में कवि ने अहंकार छोड़ने के लिए क्यों कहा है?
3. रिमझिम बूँदों के स्वर सुनकर कवि पर क्या प्रभाव पड़ता है?
4. सावन के महीने में आपके आसपास के वातावरण में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 30–35 शब्दों में लिखिए - (1 × 3 = 3 अंक)

1. वाहन चलाते समय सड़क के नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है?
2. आपको कौन-सा मौसम सबसे अधिक पसंद है और क्यों?

## खंड – 'घ' : रचना खंड (कुल अंक – 25)

प्रश्न 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5 अंक)

(क) विद्यार्थी और अनुशासन

संकेत-बिंदु : -
- प्रस्तावना
- विद्यार्थी का अर्थ
- अनुशासन का महत्त्व
- अनुशासित विद्यार्थी के गुण
- उपसंहार

(ख) सच्चा मित्र

संकेत-बिंदु :
- प्रस्तावना
- जीवन में मित्र का महत्त्व
- सच्चे मित्र की पहचान
- सच्चे मित्र के गुण
- उपसंहार

(ग) मेरे सपनों का भारत

संकेत-बिंदु :
- प्रस्तावना
- भारत की सामाजिक स्थिति
- भारत की राजनीतिक एवं आर्थिक प्रगति
- आदर्श भारत की कल्पना
- उपसंहार

प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - (5 अंक)

(1) विद्यालय की ओर से आयोजित पिकनिक में जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

(2) विद्यालय की फुटबॉल टीम के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 40–50 शब्दों में सूचना लिखिए - (5 अंक)

(1) अपने विद्यालय में आयोजित होने वाली नृत्य प्रतियोगिता के संबंध में प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना लिखिए।

(2) विद्यालय में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी के संबंध में प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना लिखिए।

प्रश्न 15. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 30–40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए - (5 अंक)

(1) मनपसंद घड़ी के प्रचार हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(2) भारत सरकार के 'स्वच्छता अभियान' के प्रचार-प्रसार हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 16. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर 40–50 शब्दों में उसका चित्र-वर्णन कीजिए - (5 अंक)



========================== समाप्त ==========================